Title: Demanded an investigation regarding passing of tenders for exploration of oil by the Oil and Natural Gas Commssion (ONGC) in favour of Great Eastern Shipping Company (GESCO).

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : माननीय अध्यक्ष महोदय, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के कुछ अधिकारियों एवं ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कम्पनी (जैसको) की मिलीभगत से तेल खुदाई के टैंडर के नाम पर सरकारी खजाने की लूट की गई है। तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के अधिकारियों द्वारा सरकारी नियमों एवं जांच-पड़ताल की समुचित प्रक्रिया की अवहेलना करके समुद्र के भीतर तेल की खुदाई के टैंडर जैसको को देने का प्रयास किया गया है। जैसको के पास समुद्र तटों पर तेल की खोज करने वाले बद्रीनाथ और केदारनाथ दो रिग्स है। बद्रीनाथ रिग की अधिकतम खुदाई क्षमता 400 फीट है, जबकि जैसको ने तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग को झूठा आश्वासन दिया कि उसके पास समुद्र में 600 फीट तक ड्रिलिंग करने की क्षमता है। आयोग के अधिकारियों ने बिना इसकी जांच पड़ताल किए, इस आश्वासन को सही मान लिया। आयोग के अधिकारियों से जैसको ने 1996 में चालाकीपूर्वक समुद्र के अपने रिग की अवधि तीन साल तक बढ़ाने में सफलता प्राप्त कर ली है, किन्तु उक्त कार्य में इनका संयन्त्र कितना सफल रहा, इसे आईएडीसी की रिपोर्ट में देखा जा सकता है। इस रिपोर्ट के अनुसार इनका संयन्त्र एक व्ा के अन्दर छह महीने नाकाम रहा और जैसको ने आयोग से 140 करोड़ रुपए की आमदनी प्राप्त की, जबकि उक्त कम्पनी के द्वारा संयन्त्र की मरम्मत पर दस करोड़ रुपए ही व्यय किए गए। इस प्रकार करोड़ो रुपयों का घपला अधिकारियों और कम्पनी की मिली-भगत से हुआ है। मेरा निवेदन है कि इसकी खुली जांच कराकर अधिकारियों और कम्पनी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए।